।। कार्यालय महानिदेशक पुलिस राजस्थान, जयपुर ।।

क्रमांकः न-5(14)पु.फो./कानि.भर्ती-23/2023/**2166** दिनांकः- **22.06.2024**

विज्ञप्ति

कॉन्स्टेबल भर्ती-2023 की दिनांक 13 एवं 14.06.2024 को सम्पन्न हुई कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) के प्रश्न पत्रों तथा इनकी उत्तर कुंजी पुलिस विभाग की वैबसाईट www.police.rajasthan.gov.in पर दिनांक 27.06.2024 को जारी की जावेगी। यदि किसी परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र में सम्मिलित किसी/किन्हीं प्रश्न अथवा इसके/इनके उत्तर के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो **निर्धारित शुल्क के साथ** दिनांक 27.06.2024 समय 12:01 ए.एम. से दिनांक 29.06.2024 समय 23:59 पी.एम. तक अपनी ऑन-लाईन आपत्ति विभाग की वैबसाईट पर उपलब्ध कराये गये objection link (rjpolice.cbt-exam.in) पर प्रश्न पत्र एवं उसका उत्तर देखकर सम्बन्धित दस्तावेज के साथ दर्ज करवा सकते हैं।

पुलिस विभाग द्वारा प्रत्येक आपत्ति का शुल्क रूपये 50/- निर्धारित किया गया है। इस हेतु परीक्षार्थी पुलिस विभाग की वैबसाईट पर उपलब्ध objection link (rjpolice.cbt-exam.in) पर अपने रोल नम्बर एवं एप्लीकेशन आईडी के माध्यम से देय शुल्क स्वंय अथवा ई-मित्र कियोस्क पर, जितने प्रश्नों पर आपत्ति करनी है, उनके अनुसार प्रति प्रश्न रूपये 50/- की दर से देय शुल्क का भुगतान करें। भुगतान के लिये सर्विस चार्जेज ई-मित्र द्वारा अलग से वसूल किया जावेगा। शुल्क के अभाव में आपत्तियाँ स्वीकार नहीं की जावेगी। ऑनलाईन आपत्तियों का लिंक केवल दिनांक 27.06.2024 समय 12:01 ए.एम. से दिनांक 29.06.2024 समय 23:59 पी.एम. तक तक ही उपलब्ध है, उसके पश्चात् लिंक निष्क्रिय हो जावेगा। अन्य किसी माध्यम से अथवा निर्धारित तिथि के बाद भेजी गयी आपत्तियॉ स्वीकार नही की जायेगी। आपत्तियों के लिए पोर्टल पर Standard, Authentic पुस्तकों के प्रमाण ही ऑन-लाईन संलग्न करें। ऐसे प्रमाण के प्रत्येक पृष्ठ पर अपना रोल नम्बर और संबंधित प्रश्न की क्रम संख्या लिखकर ही अपलोड करें। संदर्भ में पुस्तक का नाम, लेखक/लेखकों के नाम, प्रकाशक का नाम, संस्करण वर्ष और पृष्ठ संख्या भी लिखा जाना आवश्यक है। वांछित प्रमाण पत्र संलग्न नही होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नही किया जावेगा।

परीक्षार्थी द्वारा आपत्ति शुल्क के पेटे अधिक जमा कराई गयी राशि का किसी भी स्थिति में रिफण्ड नही होगा। अतः वे आवश्यकतानुसार देय शुल्क ही जमा करावें।

22/6

(अनिल कयाल)
उप महानिरीक्षक पुलिस
(भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड)
राजस्थान जयपुर।

Scanned with OKEN Scanner